No. of Printed Pages : 20 **OSS-101**

11619

# Bachelor's Preparatory Programme (B.P.P.)
# (For Non 10+2)
# Term-End Examination
# June, 2016

## OSS-101 : Preparatory Course in Social Sciences

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

# स्नातक प्रारंभिक कार्यक्रम (बी.पी.पी.)
# (बिना 10+2)
# सत्रांत परीक्षा
# जून, 2016

## ओ.एस.एस.-101 : सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***General Instructions :***

**Preparatory Course in Social Sciences (OSS-101)** **Questions 1 – 50**

*(i)* *This is an objective type question paper. Options for the correct answer must be marked only in OMR sheet.*

*(ii)* *All questions are* ***compulsory****.*

*(iii)* *The question paper consists of* ***50*** *questions each of which carries* **one** *mark.*

*(iv)* *Each question has four alternatives, one of which is correct. Write the Sl. No. of your correct alternative / answer below the corresponding question number in the OMR sheet and then mark the rectangle for the same number in that column. If you find that none of the given alternatives is correct then write 0 and mark in column 0.*

*(v)* *Do not waste time in reading the whole question paper. Go on solving questions one by one. You may come back to the left out questions, if you have time at the end.*

*सामान्य निर्देश :*

**सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम (ओ.एस.एस.-101)** **प्रश्न 1 – 50**

*(i)* *यह एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्र है । प्रश्नों के सही विकल्प केवल OMR शीट में लिखिए ।*

*(ii)* *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न–पत्र में **50** प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है ।*

*(iv)* *प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प हैं, जिनमें से एक सही है । ओ.एम.आर. शीट में निर्देशानुसार सही विकल्प/उत्तर का क्रमांक संगत प्रश्न संख्या के नीचे लिखें और फिर उसी क्रमांक के आयत पर उसी कॉलम में चिह्न लगाएँ । अगर आप पाएँ कि कोई भी विकल्प सही नहीं है तो 0 लिखें और कॉलम 0 में चिह्न लगाएँ ।*

*(v)* *पूरे प्रश्न–पत्र को पढ़ने में समय बर्बाद मत कीजिए । एक के बाद एक प्रश्न को करते जाइए । यदि बाद में समय रहे, तो बचे हुए प्रश्नों को दुबारा देखा जा सकता है ।*

1. Science is based on

(1) Observation

(2) Measurement

(3) Experimentation

(4) All of the above

2. The chief concern of a social scientist is with

(1) The complex web of human relationships

(2) Relationships of animals

(3) The universe and its constellations

(4) None of the above

3. History is the systematic study of past events

(1) After the advent of writing skills

(2) Before the advent of writing skills

(3) Both before and after the advent of writing skills

(4) None of the above

4. Which is a source of secondary data ?

(1) Records (2) Gazette

(3) Newspapers (4) All of the above

5. The coming of large parts of Latin America, Africa and Asia under the political domination of European countries is known as

(1) Europeanism

(2) Imperialism

(3) Communism

(4) Secularism

6. One of Emile Durkheim's important works was on

(1) Marriage

(2) Suicide

(3) Folk Songs

(4) Exchange

1. विज्ञान का आधार है

(1) प्रेक्षण

(2) मापन

(3) प्रयोग

(4) उपर्युक्त सभी

2. समाज-विज्ञानी मुख्य रूप से किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करता है ?

(1) मानव संबंधों का जटिल ताना-बाना

(2) पशुओं के संबंध

(3) ब्रह्मांड और इसके तारामंडल

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

3. इतिहास कब से पिछली घटनाओं का सुव्यवस्थित अध्ययन माना गया है ?

(1) लेखन कौशलों की आरंभता के बाद से

(2) लेखन कौशलों की आरंभता के पहले से

(3) लेखन कौशलों की आरंभता के पहले और बाद दोनों समय से

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

4. द्वितीयक आँकड़ों का स्रोत है

(1) रिकार्ड

(2) गज़ट

(3) समाचार-पत्र

(4) उपर्युक्त सभी

5. यूरोपियाई राजनीतिक वर्चस्व के तहत लेटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के बड़े भागों का समावेशन, कहलाता है

(1) यूरोपियाईवाद

(2) साम्राज्यवाद

(3) कम्युनिज़्म (साम्यवाद)

(4) धर्मनिरपेक्षता

6. एमिल दुर्खाइम के एक महत्त्वपूर्ण शोध कार्य का आधार था

(1) विवाह

(2) आत्महत्या

(3) लोकगीत

(4) विनिमय

7. Public Administration branched out as an independent discipline from
   (1) Economics
   (2) Sociology
   (3) Political Science
   (4) None of the above

8. Globalisation refers to the world-wide process of
   (1) Commerce
   (2) Communication
   (3) Trade
   (4) All of the above

9. The Cold War ended in the triumph of
   (1) USA
   (2) UK
   (3) Soviet Russia
   (4) China

10. A fundamental change that occurred in the Stone Age was
   (1) Humans started cultivating crops
   (2) Humans started gathering food from forests
   (3) Humans started making tools
   (4) None of the above

11. Big change(s) that occurred in the $18^{th}$ century was/were
   (1) James Watt's steam engine
   (2) Revolution in weaving and spinning
   (3) Development of factory system
   (4) All of the above

12. The East India Company set up the first school in 1784 at
   (1) Coimbatore
   (2) Madurai
   (3) Kerala
   (4) Tanjore

7. स्वतंत्र विद्या विशेष (Discipline) के रूप में लोक प्रशासन की उत्पत्ति कहाँ से हुई ?
   (1) अर्थशास्त्र
   (2) समाजशास्त्र
   (3) राजनीति विज्ञान
   (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

8. वैश्वीकरण से आशय किसकी विश्वव्यापी प्रक्रिया से है ?
   (1) वाणिज्य
   (2) संचार
   (3) व्यापार
   (4) उपर्युक्त सभी

9. शीत युद्ध का समापन किसकी जीत से हुआ ?
   (1) यू.एस.ए.
   (2) यू.के.
   (3) सोवियत रूस
   (4) चीन

10. प्रस्तर युग में होने वाला मूलभूत परिवर्तन था
   (1) मनुष्यों द्वारा फ़सलें बोने की शुरुआत करना
   (2) मनुष्यों द्वारा वनों से भोजन एकत्र करने की शुरुआत करना
   (3) मनुष्यों द्वारा औज़ार बनाने की शुरुआत करना
   (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

11. 18वीं शताब्दी में होने वाला/वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तन था/थे
   (1) जेम्स वाट का भाप इंजन
   (2) बुनाई एवं चरखा कताई में क्रांति
   (3) फैक्टरी व्यवस्था का विकास
   (4) उपर्युक्त सभी

12. ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा वर्ष 1784 में पहली बार स्कूल की स्थापना कहाँ की गई ?
   (1) कोयम्बटूर
   (2) मदुरई
   (3) केरल
   (4) तंजोर

13. The New World was discovered by Christopher Columbus in

(1) 1493

(2) 1498

(3) 1492

(4) 1491

14. The First Round Table Conference was held in

(1) Germany

(2) Italy

(3) London

(4) India

15. Who runs the administration of the State under the President's rule ?

(1) Governor in the name of the President

(2) Chief Minister in the name of the President

(3) Prime Minister in the name of the President

(4) President himself

16. The practice of a woman marrying more than one man is called

(1) Polyandry

(2) Polygyny

(3) Polarity

(4) None of the above

17. The march in protest of Salt law in India was from

(1) Dandi to Sabarmati Ashram

(2) Delhi to Sabarmati Ashram

(3) Dandi to Delhi

(4) Sabarmati Ashram to Dandi

18. The Sepoy Mutiny or India's first battle for independence happened in the year

(1) 1858

(2) 1856

(3) 1857

(4) 1855

13. क्रिस्टोफर कोलंबस द्वारा नव जगत की खोज का वर्ष था

(1) 1493

(2) 1498

(3) 1492

(4) 1491

14. प्रथम गोल मेज़ सम्मेलन का आयोजन कहाँ हुआ ?

(1) जर्मनी

(2) इटली

(3) लंदन

(4) भारत

15. राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य-प्रशासन की देखरेख कौन करता है ?

(1) राष्ट्रपति के नाम पर गवर्नर

(2) राष्ट्रपति के नाम पर मुख्य मंत्री

(3) राष्ट्रपति के नाम पर प्रधान मंत्री

(4) राष्ट्रपति स्वयं

16. महिला की एक से अधिक पुरुषों से विवाह करने की प्रथा कहलाती है

(1) बहुपतित्व

(2) बहुपत्नीत्व

(3) ध्रुवीयता

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

17. भारत में नमक कानून के विरोध में निकाली गई यात्रा थी

(1) दांडी से साबरमती आश्रम तक

(2) दिल्ली से साबरमती आश्रम तक

(3) दांडी से दिल्ली तक

(4) साबरमती आश्रम से दांडी तक

18. सिपाही विद्रोह या भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रथम संघर्ष का वर्ष था

(1) 1858

(2) 1856

(3) 1857

(4) 1855

**19.** The practice of higher caste people following the customs and ways of life of western societies is known as

(1) Westernism
(2) Westernization
(3) Sanskritization
(4) Universalization

**20.** The massacre in Jallianwala Bagh happened on

(1) $14^{th}$ April, 1919
(2) $15^{th}$ April, 1919
(3) $13^{th}$ April, 1919
(4) $14^{th}$ May, 1919

**21.** Judiciary in India is kept independent of

(1) Executive
(2) Legislature
(3) Both the Executive and the Legislature
(4) None of the above

**22.** The Eleventh Five Year Plan focused on

(1) Inclusive Growth
(2) Exclusive Growth
(3) Balanced Growth
(4) Sustainable Growth

**23.** Who was the founder of the Mughal Dynasty in India ?

(1) Bahadur Shah Zafar
(2) Amir Timur
(3) Akbar
(4) Babur

**24.** Mohammad Ali and Shaukat Ali formed the

(1) Chauri-Chaura Committee
(2) Khilafat Committee
(3) Mubarak Committee
(4) Hartal Committee

19. उच्च जाति वर्ग के लोगों का पश्चिमी समाजों के रीति-रिवाजों और जीवन-शैली का अनुसरण करना, कहलाता है

(1) पश्चिमीवाद
(2) पश्चिमीकरण
(3) संस्कृतीकरण
(4) सार्विकीकरण

20. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब घटित हुआ था ?

(1) 14 अप्रैल, 1919
(2) 15 अप्रैल, 1919
(3) 13 अप्रैल, 1919
(4) 14 मई, 1919

21. भारत में न्यायपालिका को किससे स्वतंत्र रखा जाता है ?

(1) कार्यपालिका
(2) विधायिका
(3) कार्यपालिका एवं विधायिका दोनों
(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

22. 11वीं पंचवर्षीय योजना का केंद्रबिंदु था

(1) समाविष्ट वृद्धि
(2) बहिर्विष्ट वृद्धि
(3) संतुलित वृद्धि
(4) स्थायी वृद्धि

23. भारत में मुग़ल वंश के संस्थापक थे

(1) बहादुर शाह ज़फर
(2) आमिर तिमुर
(3) अकबर
(4) बाबर

24. मोहम्मद अली और शौकत अली द्वारा गठित समिति है

(1) चौरी-चौरा समिति
(2) खिलाफत समिति
(3) मुबारक समिति
(4) हरतल समिति

**25.** Max Weber explained the concept of 'class' in terms of

(1) Economic chances (2) Market chances

(3) Social chances (4) Life chances

**26.** National Income divided by Total Population is

(1) Per Capita Income

(2) Per Individual Income

(3) Regional Income

(4) Gross Domestic Income

**27.** The term 'State' may mean the following :

(1) Is a political institution

(2) Has sovereign jurisdiction within defined territorial borders

(3) It exercises authority through a group or set of permanent institutions

(4) All of the above

**28.** 'Primary sector' includes all activities that are

(1) Land or Animal-centred

(2) Industry-centred

(3) Mining-centred

(4) Communication-centred

**29.** After the $73^{rd}$ Amendment, the Constitution of India provides for

(1) A two-tier Panchayati Raj Structure

(2) A three-tier Panchayati Raj Structure

(3) A four-tier Panchayati Raj Structure

(4) None of the above

**30.** 'Worker' is defined to include

(1) People in the age-group of 15 – 59 years

(2) Economically active people

(3) Economically active people who are in the age-group of 15 – 59 years

(4) None of the above

25. मैक्स वेबर ने किस दृष्टि से 'वर्ग' संकल्पना को स्पष्ट किया ?

(1) आर्थिक अवसर (2) बाज़ार अवसर

(3) सामाजिक अवसर (4) जीवन अवसर

26. कुल आबादी द्वारा विभाजित राष्ट्रीय आय है

(1) प्रति व्यक्ति आय

(2) प्रति व्यक्ति-विशेष आय

(3) क्षेत्रीय आय

(4) सकल घरेलू आय

27. निम्नलिखित में से 'राज्य' का अर्थ हो सकता है :

(1) एक राजनीतिक संस्थान

(2) परिभाषित प्रादेशिक सीमाओं के दायरे में संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न अधिकार क्षेत्र

(3) स्थायी संस्थान समूह या ऐसी व्यवस्था के जरिए प्राधिकारों को लागू करने वाला

(4) उपर्युक्त सभी

28. 'प्राथमिक क्षेत्र' में किससे संबंधित सभी गतिविधियों का समावेश है ?

(1) भू या पशु केंद्रित

(2) उद्योग केंद्रित

(3) खदान (खुदाई) केंद्रित

(4) संचार केंद्रित

29. 73वें संशोधन के बाद से, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त संरचना है

(1) द्वि-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(2) त्रि-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(3) चार-स्तरीय पंचायती राज संरचना

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

30. 'कामगार' (वर्कर) की परिभाषा में किसे शामिल किया गया है ?

(1) 15 – 59 वर्ष की आयु-समूह वाले व्यक्ति

(2) आर्थिक रूप से सक्रिय व्यक्ति

(3) 15 – 59 वर्ष की आयु-समूह के आर्थिक रूप से सक्रिय व्यक्ति

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**31.** In earlier times, the term 'educated manpower' was used to reflect

(1) Anybody who has passed the $8^{th}$ standard

(2) Anybody who is a matriculate

(3) Anybody who is a graduate

(4) None of the above

**32.** The recently enacted MNREGA aims to provide guaranteed employment for at least

(1) 300 days in a year

(2) 100 days in a year

(3) 200 days in a year

(4) 60 days in a year

**33.** Mixed economy refers to coexistence of

(1) Urban and Rural Sectors

(2) Public and Private Sectors

(3) Backward and Modern Regions

(4) Agricultural and Industrial Sectors

**34.** The Indian Government initiated economic reforms in the year

(1) 1956

(2) 1955

(3) 1954

(4) 1991

**35.** What did James Watt invent ?

(1) Ship Engine

(2) Steam Engine

(3) Search Engine

(4) Aeroplane Engine

**36.** Environment may mean

(1) Land

(2) Water

(3) Living Organisms

(4) All of the above

**31.** प्रारंभिक समय में, 'शिक्षित जनशक्ति' शब्द का प्रयोग किसे दर्शाने के लिए किया जाता था ?

(1) वे सभी जो 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों

(2) वे सभी जो मैट्रिक उत्तीर्ण हों

(3) वे सभी जो स्नातक की उपाधि प्राप्त हों

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**32.** हाल ही में अधिनियम एम.एन.आर.ई.जी.ए. न्यूनतम कितनी अवधि के लिए हर हालत में रोज़गार प्राप्ति की गारंटी देने पर लक्षित है ?

(1) वर्ष में 300 दिन

(2) वर्ष में 100 दिन

(3) वर्ष में 200 दिन

(4) वर्ष में 60 दिन

**33.** मिश्रित अर्थव्यवस्था से आशय किसके सह-अस्तित्व से है ?

(1) शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र

(2) सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र

(3) पिछड़े एवं आधुनिक क्षेत्र

(4) कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र

**34.** भारतीय सरकार द्वारा आर्थिक सुधार शुरू करने का वर्ष था

(1) 1956

(2) 1955

(3) 1954

(4) 1991

**35.** जेम्स वाट ने किसकी खोज की थी ?

(1) पानी के जहाज़ का इंजन

(2) भाप इंजन

(3) सर्च इंजन

(4) वायुयान इंजन

**36.** पर्यावरण का संभवतया अर्थ है

(1) भूमि

(2) जल

(3) जीवंत जीव

(4) उपर्युक्त सभी

37. Which one of the following is ***not*** an element of State ?

(1) Population (2) Government

(3) Terrorism (4) Sovereignty

38. Pollution in the environment causes

(1) Health hazards (2) Global warming

(3) Loss of productivity (4) All of the above

39. Stratification means

(1) Identification of people as one

(2) Division of people into different categories

(3) Mass movement of people

(4) None of the above

40. Discrimination refers to

(1) Unequal treatment of individuals

(2) Unequal treatment to women

(3) Unequal treatment to ethnic groups

(4) All of the above

41. The Kshatriyas were ordained to

(1) Learn, teach and preach the scriptures

(2) Perform acts of valour

(3) Do trade

(4) None of the above

42. The State which has the lowest density of population is

(1) Assam

(2) Arunachal Pradesh

(3) Andhra Pradesh

(4) Himachal Pradesh

43. The basic philosophy of the Indian Constitution is enshrined in

(1) The Preamble (2) The Fundamental Rights

(3) The Directive Principles (4) The First Schedule

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य का मूल-तत्त्व ***नहीं*** है ?

(1) आबादी
(2) सरकार
(3) आतंकवाद
(4) प्रभुसत्ता

**38.** पर्यावरण में प्रदूषण से उत्पन्न होता है

(1) स्वास्थ्य खतरे
(2) विश्व तापन
(3) उत्पादकता-हनन
(4) उपर्युक्त सभी

**39.** संस्तरण से आशय है

(1) जन की एक के रूप में पहचान
(2) जन का विभिन्न श्रेणियों में विभाजन
(3) जन-व्यापक आंदोलन
(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**40.** भेदभाव से आशय है

(1) व्यक्तियों से असमान बर्ताव
(2) महिलाओं से असमान बर्ताव
(3) नृजाति समूहों से असमान बर्ताव
(4) उपर्युक्त सभी

**41.** क्षत्रियों को सौंपा गया कार्य था

(1) धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन, अध्यापन एवं शिक्षा
(2) वीरता के कार्यों को पूरा करना
(3) व्यापार करना
(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**42.** आबादी की दृष्टि से निम्नतम घनत्व दर्शाने वाला राज्य है

(1) असम
(2) अरुणाचल प्रदेश
(3) आँध्र प्रदेश
(4) हिमाचल प्रदेश

**43.** भारतीय संविधान के बुनियादी दर्शनशास्त्र का उल्लेख किसमें हैं ?

(1) उद्घोषिका (प्रस्तावना)
(2) मूलभूत अधिकार
(3) निदेशात्मक सिद्धांत
(4) प्रथम अनुसूची

44. Which of the following is a European currency ?

(1) Yen (2) Dollar

(3) Baht (4) Euro

45. The most prevalent form of discrimination in America was

(1) Caste based

(2) Regional

(3) Religion based

(4) Racial

46. The starting point for the growth of regionalism can be

(1) Language (2) Culture

(3) Ethnicity (4) All of the above

47. Cultural Pluralism means

(1) Existence of a single culture

(2) A culture which is superior to others

(3) The coexistence of two or more cultures

(4) None of the above

48. The process of integration of the European Union started in the

(1) 1970s

(2) 1950s

(3) 1960s

(4) 1980s

49. Which of the following is ***not*** a member of the Association of South-East Asian Nations (ASEAN) ?

(1) India (2) Indonesia

(3) Philippines (4) Thailand

50. The World Trade Organisation's headquarters are located at

(1) Brussels (2) Zurich

(3) Geneva (4) Paris

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सी यूरोपियाई मुद्रा है ?

(1) येन (2) डालर

(3) ब्हाट (4) यूरो

**45.** अमेरिका में भेदभाव का सर्वाधिक व्यापक रूप था

(1) जाति आधारित

(2) क्षेत्रीय

(3) धर्म आधारित

(4) मूलवंश आधारित

**46.** क्षेत्रीयवाद की वृद्धि का संभावित प्रारंभिक बिंदु हो सकता है

(1) भाषा (2) संस्कृति

(3) नृजातीयता (4) उपर्युक्त सभी

**47.** सांस्कृतिक बहुलवाद से आशय है

(1) एकल संस्कृति की विद्यमानता

(2) अन्य संस्कृतियों से उच्च संस्कृति

(3) दो या अधिक संस्कृतियों का सह-अस्तित्व

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**48.** यूरोपियाई संघ की एकीकरण-प्रक्रिया को शुरू करने का दशक है

(1) 1970s

(2) 1950s

(3) 1960s

(4) 1980s

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) का सदस्य ***नहीं*** है ?

(1) भारत (2) इंडोनेशिया

(3) फिलिपीन्स (4) थाइलैंड

**50.** विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(1) ब्रसल्स (2) ज़्यूरिच

(3) जेनेवा (4) पेरिस